दिन–मंगलवार दिनांक– 06/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आईआरसीटीसी घोटाले में निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है। याचिका में तेजस्वी प्रसाद यादव ने आईआरसीटीसी घोटाले में अपने खिलाफ आरोपों को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई चौदह जनवरी को होगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र तेजस्वी प्रसाद यादव और ग्यारह अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार के आरोप तय किए गए थे।

————————————————————————

एग्री स्टैक परियोजना के तहत किसानों के निबंधन के लिए आज से प्रदेशभर में विशेष अभियान की शुरूआत हुई है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि यह अभियान नौ जनवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि एग्री स्टैक परियोजना के तहत निबंधन की प्रक्रिया में भूमि संबंधी विवरण को आधार से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सुगमतापूर्वक लाभ सुनिश्चित करना है।

————————————————————————

कृषि विभाग मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नये किसानों को अनुदान देगा। विभाग ने यह योजना कटिहार, पूर्णिया, दरभंगा, मधुबनी समेत सोलह जिलों के किसानों के लिए शुरू की है। योजना के अंतर्गत पहले वर्ष के लिए छत्तीस हजार तीन सौ पचहत्तर रुपये की राशि प्रति हेक्टेयर की दर से दी जाएगी। इसके तहत पहले बीज के लिए और बाद में पौधारोपण के लिए राशि दी जाएगी। एक किसान को न्यूनतम शून्य दशमलव दो–पांच एकड़ और अधिकतम पांच एकड़ की खेती पर अनुदान मिलेगा।

होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग एक सौ उनचास बसों का परिचालन करेगा। ये बसें दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से विभिन्न शहरों के लिए चलेंगी। बिहार राज्य पथ परिहवन निगम के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इनमें से पचहत्तर बसें एसी डीलक्स होंगी जबकि चौहत्तर बसें नॉन एसी डीलक्स होंगी। संबंधित राज्यों के साथ बस परिचालन के लिए पारस्परिक प्रारूप समझौता पर हस्ताक्षर हो चुके है।

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। दिन में धूप खिलने के बावजूद सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से कनकनी का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। आज चार दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। कल राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिमी भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मंत्रिमंडल का विस्तार मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि मंत्रिमंडल के विस्तार पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री और एनडीए के घटक दलों के वरिष्ठ नेता लेंगे।

पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने पूर्णियां में अंतर्राष्ट्रीय कौशल केन्द्र बनाने की केन्द्र सरकार से मांग की है। उन्होंने इस संबंध में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत कुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा। श्री यादव ने कहा कि कौशल केन्द्र की स्थापना से सीमांचल और कोसी के युवाओं को फायदा होगा और इस क्षेत्र में कृषि डेयरी और खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

———————————————————————————

महिला और बाल विकास निगम द्वारा संचालित सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत अररिया में जागरूकता सखी वार्ता और शपथग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

सारण पुलिस ने जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर सत्रह शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पन्द्रह हजार लीटर से अधिक शराब बरामद की गइ।

———————————————————————————

समाप्त